# अमृतसर के कम्पनी बाग में 3 संदिग्धों के घुसने व बम लगाने की सूचना ने उड़ाई पुलिस की नींद

- रात 3 बजे बाग को सील कर पौ फटने का किया इंतजार
- बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वायड ने खंगाला बाग का चप्पा-चप्पा

अमृतसर, 29 नवम्बर (संजीव): अमृतसर के कम्पनी बाग में कुछ संदिग्धों के घुसने व बम लगाए जाने खबर ने जहां पुलिस की नींद उड़ा कर रख दी वहीं बाग के चप्पे-चप्पे की तलाशी लेने आई पुलिस टीमों को घंटों कसरत करनी पड़ी। रात 3 बजे फोन की एक घंटी ने जिला पुलिस के अधिकारियों में भगदड़ की स्थिति पैदा कर दी। कुछ ही देर में कमांडोज व डॉग स्क्वायड दस्तों के साथ भारी पुलिस बल ने पूरे कम्पनी बाग को घेर लिया जहां पौ फटने का इंतजार किया जाने लगा।

जैसे ही साढ़े 4 बजे के करीब रोशनी हुई तो पूरे कम्पनी बाग में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया। पुलिस के डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ते के साथ अन्य टीमों ने बाग के चप्पे-चप्पे को खंगाला। जब पुलिस के हाथ कुछ भी न लगा तो बाद दोपहर कम्पनी बाग में सुबह 3 से 8 बजे तक छेड़े गए सर्च अभियान को रूटीन चैकिंग का नाम दिया गया।




पत्रकारों को जानकारी देते हुए डी.सी.पी. जगमोहन सिंह, ए.डी.सी.पी. लखबीर सिंह व अन्य। (अवधेश)

पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई ने शहर में कुछ तनाव के संकेत दिए हैं। पिछले 1 माह से अमृतसर में आतंकी गतिविधियों की खबरों को पुलिस अफवाहों का नाम देकर खारिज करती आ रही है मगर रात 3 बजे से सुबह 8 बजे तक चला पुलिस का सर्च ऑप्रेशन कहीं न कहीं दहशतगर्दों द्वारा की जाने वाली किसी कार्रवाई की ओर इशारा करता है।



कम्पनी बाग के चप्पे-चप्पे को खंगाल रहा डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता। (अवधेश)

आज के इस सर्च अभियान पर जब डी.सी.पी. इंवैस्टीगेशन जगमोहन सिंह की प्रतिक्रिया जानी गई तो उन्होंने कहा कि कम्पनी बाग में हुआ सर्च अभियान पुलिस की एक रूटीन कार्रवाई थी। पुलिस को लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कि देर रात कुछ गुंडा तत्व कम्पनी बाग में इकट्ठे होते हैं जो वारदात की योजनाओं को अंजाम देते हैं जिस कारण पुलिस द्वारा आज कम्पनी बाग को सील करके जांच की गई।



कम्पनी बाग के मुख्य द्वार पर खड़े कमांडो। (अवधेश)

### सैर करने वालों को बाग में नहीं जाने दिया गया

मध्य रात्रि से ही सील किए गए कम्पनी बाग में सैर व व्यायाम करने वालों को जांच का हवाला देकर अंदर नहीं जाने दिया गया। चारों ओर फैली पुलिस व कम्पनी बाग के मुख्य द्वार पर खड़े कमांडोज बाग में कुछ न कुछ गलत होने का संकेत दे रहे थे।

### सुबह हुआ सर्च ऑप्रेशन, शाम को पुलिस ने दी सफाई

रात 3 बजे से सुबह 8 बजे तक कम्पनी बाग में चले सर्च ऑप्रेशन में कुछ भी हासिल न होने उपरांत बाद दोपहर पुलिस ने मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई दी और कहा कि आज का यह सर्च अभियान किसी भी सूचना के आधार पर नहीं था बल्कि यह रूटीन चैकिंग थी। उन्हें लगातार कम्पनी बाग में गुंडा तत्वों के घूमने की खबरें मिल रही थीं जिस कारण आज यह सर्च अभियान छेड़ा गया।

## मीरथल अड्डे पर संदिग्ध लुटेरे होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने दी दबिश

### चक्की खड्ड व संलग्न क्षेत्रों में चलाया सर्च ऑप्रेशन, 2 मोटरसाइकिल कब्जे में लिए

पठानकोट/मीरथल (शारदा): नगर से करीब 20-25 किलोमीटर की दूरी पर बसे मीरथल अड्डे के समीप कुछ संदिग्ध लुटेरे छिपे होने की सूचना मिली। डिवीजन नं.-2 के थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह रूबी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मीरथल कस्बे के ढाबे पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो कि लुटेरे हो सकते हैं, भोजन कर रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए जब पुलिस ने इनकी धरपकड़ हेतु दबिश दी तो पुलिस को आते देख चारों संदिग्ध लुटेरे फरार हो गए। बाद में पुलिस ने इन लुटेरों के संदिग्ध छुपे होने वाले क्षेत्रों में सर्च अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने इस संदर्भ में 2 मोटरसाइकिल भी कब्जे में लिए हैं।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र व आस-पास इलाकों में आए दिन संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने से खौफ की लहर तेज होती जा रही है। इसको लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है तथा नाकों की सुरक्षा पुख्ता की गई है।



संदिग्ध लुटेरों की धरपकड़ हेतु चक्की खड्ड व संलग्न क्षेत्रों में सर्च ऑप्रेशन चलाती पुलिस। (रमेश)

### कुछेक लोगों को राऊंडअप करके की जा रही है पूछताछ

सूत्रों की मानें तो पुलिस ने इस बाबत 3-4 लोगों को फिलहाल राऊंडअप किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी इस गिरोह का सरगना पुलिस की पहुंच से दूर है, जिसके हत्थे चढ़ने पर लूटपाट की वारदातों की परतें खुल सकेंगी। इस संबंध में एस.एस.पी. विवेकशील सोनी ने कहा कि पूछताछ के बाद जो तथ्य सामने आएंगे व स्थिति स्पष्ट होगी तो उसकी जानकारी दे दी जाएगी।

## युवती को अगवा कर राजस्थान ले जाकर किया दुष्कर्म

- 1 महिला सहित 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

फिरोजपुर, 29 नवम्बर (कुमार, मल्होत्रा, मनदीप): गांव हबीब वाला में एक युवती को 1 व्यक्ति की तरफ से अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर अगवाह करके उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

युवती के अनुसार वह चोरी से मोबाइल फोन पर अपने पिता से संपर्क करके बहुत मुश्किल से घर पहुंची। पुलिस ने युवती के बयान पर 1 महिला सहित 4 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं के तहत थाना फिरोजपुर सदर में मामला दर्ज किया है।

थाना सदर के सहायक इंस्पैक्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि वह बीते दिन घर के लिए लकड़ियां लेने के लिए दरिया के किनारे पर गई थी, जहां पर आरोपी अंग्रेस सिंह एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के साथ उसे अगवाह करके उसकी मर्जी के बिना फिरोजपुर शहर में किसी घर में ले गया, जहां 2 दिन रखने के बाद आरोपी उसे रेलगाड़ी के जरिए राजस्थान ले गया और वहां आरोपी तेशा रानी व सतनाम सिंह के साथ मिलकर उसे बंदी बनाकर रखा गया तथा अंग्रेज सिंह ने उसकी मर्जी के बिना उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपियों से बचकर अपने पिता से चोरी के मोबाइल से संपर्क किया और घर पहुंची।

## 2019 में खालिस्तान के हक में होने वाली कन्वैंशन पर लगी रहेंगी सरकार व एजैंसियों की निगाहें

- एस.एफ.जे. ने करतारपुर साहिब में कन्वैंशन करने का किया ऐलान

जालंधर, 29 नवम्बर (धवन): भारत सरकार ने चाहे करतारपुर कॉरीडोर को लेकर पाकिस्तान क्षेत्र में हुए समारोह में भाग लेने के लिए अपने 2 मंत्रियों को भेजा था परन्तु इसके बावजूद भारत सरकार इस्लामाबाद की तरफ बड़ी सतर्कता व पैनी निगाहों से अगले कदम की ओर देख रही है क्योंकि खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फार जस्टिस (एस.एफ.जे.) ने 2019 में पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र श्री करतारपुर साहिब में कन्वैंशन आयोजित करने का निर्णय लिया हुआ है।

यह आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान में अलग सिख राज्य के लिए होने जा रही कन्वैंशन के लिए समर्थन जुटाने के लिए पाकिस्तान जाने वाले जत्थों के कुछ सदस्यों को साथ जोड़ा जा सकता है। सिख फॉर जस्टिस संगठन के नेता यह कह रहे हैं कि अगर अगले वर्ष तक कॉरीडोर चालू हो जाता है तो यह कन्वैंशन करतारपुर साहिब में ही होगी, अन्यथा इस कन्वैंशन को ननकाना साहिब (पाकिस्तान) में किया जाएगा। यह संगठन इस कन्वैंशन में लगभग 10,000 लोगों को आमंत्रित करने की योजना पर कार्य कर रहा है।





करतारपुर कॉरीडोर द्वारा सिख श्रद्धालुओं को वीजामुक्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाएगा। एस.एफ.जे. को पाकिस्तान की एजैंसी आई.एस.आई. का समर्थन हासिल है, उसने अगस्त महीने में इंगलैंड में रिफ्रैंडम-2020 को लेकर रैली की थी। रिफ्रैंडम-2020 के तहत विभिन्न खालिस्तानी समर्थक संगठनों द्वारा अलग सिख राज्य के लिए संघर्ष शुरू किया हुआ है। इस संगठन ने यह भी निर्णय लिया हुआ है कि वह लाहौर में स्थायी रूप से कार्यालय खोलने जा रहा है ताकि रिफ्रैंडम-2020 को और समर्थन मिल सके।

पाकिस्तान में अगले वर्ष सीमा के निकट होने वाली कन्वैंशन पर भारत सरकार तथा भारतीय सुरक्षा एजैंसियों की निगाहें टिकी रहेंगी। सिख फॉर जस्टिस संगठन के ट्विटर अकाऊंट को भारत सरकार ने बंद कर दिया था। पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह बार-बार दोहरा चुके हैं कि पाकिस्तान द्वारा पंजाब में कांग्रेस सरकार बनने के बाद आतंकवादी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है तथा पंजाब पुलिस ने पिछले कुछ महीनों के दौरान आतंकवादियों के 19 गिरोहों का भंडाफोड़ करते हुए अनेकों आतंकियों को गिरफ्तार किया था इसलिए सिख फॉर जस्टिस संगठन द्वारा पाकिस्तान में अगले वर्ष की जा रही कन्वैंशन काफी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर भारत व पंजाब सरकार दोनों की निगाहें टिकी रहेंगी।

## नकाबपोश लुटेरों ने हथियारों के बल पर बंधक बना 7 लाख की नकदी व जेवरात लूटे

- लुटेरों ने चलाई गोली, 1 जख्मी

अहमदगढ़, 29 नवम्बर (पुरी/सेठी): गत रात शहर की नई कालोनी से हथियारों से लैस 4 नकाबपोश लुटेरों ने एक कोठी में लोगों को बंधक बनाकर 7 लाख नकद एवं करीब 3 लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए।



लुटेरों द्वारा अलमारी में से बिखेरा गया सामान।

जानकारी के अनुसार कृष्णा सैनेटरी अहमदगढ़ के मालिक विजय कुमार जो पुलिस स्टेशन के पीछे नई बनी कालोनी में रहते हैं, की कोठी के साथ बन रही नई कोठी में उक्त लुटेरे उनकी पहली मंजिल के बैडरूम में दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हो गए, जहां रमन कुमार पुत्र विजय कुमार अपनी पत्नी के साथ सो रहा था।

बताया गया है कि बैडरूम की बालकनी में आवाज सुनकर रमन की पत्नी श्वेता ने दरवाजा खोला तो दूसरा बंद जाली वाला दरवाजा लुटेरों ने तुरन्त खींच कर खोल लिया और उन्होंने कमरे में दाखिल होते ही गोली चला दी जो दीवार पर जा लगी, पर देसी रिवाल्वर के साथ चली गोली के छर्रे श्वेता के मुंह पर लगे जो गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद लुटेरों ने रमन कुमार को काबू कर लिया और कमरे में पड़े 3.50 लाख रुपए उठा लिए और रमन को कोठी की ग्राऊंड फ्लोर में ले गए, जहां विजय कुमार व उनकी पत्नी सो रहे थे, को भी हथियारों के बल पर बंधक बनाकर डरा-धमका कर उनकी नकदी व जेवरात लूट लिए। उक्त लुटेरे हिन्दी बोल रहे थे जिनके पास एक देसी रिवाल्वर, चाकू व लोहे की रॉड भी थीं। लुटेरे घर के अंदर तकरीबन 35 मिनट तक रहे जिन्होंने बिना किसी डर के सारी घटना को अंजाम दिया। विजय कुमार ने नीचे आए लुटेरों के साथ धक्का-मुक्की भी की, पर लुटेरों ने उनके सिर पर रॉड मारकर उन्हें बेहोश कर दिया। दहशत में आए परिवार ने सारा कीमती सामान लुटेरों के हवाले कर दिया। लुटेरों ने पहले मोबाइल छीन लिए और जाते हुए मोबाइल तोड़ गए। गंभीर जख्मी श्वेता को लुधियाना इलाज के लिए भेजा गया है। सूचना मिलने पर तुरन्त भारी पुलिस फोर्स के साथ डी.एस.पी. पलविंद्र सिंह चीमा व एस.एच.ओ. शशि कपूर भी घटनास्थल पर पहुंचे।



घटनास्थल का निरीक्षण करती हुई पुलिस।

एस.पी.डी. संगरूर गुरमीत सिंह व इंचार्ज दलजीत सिंह विर्क फिंगर प्रिंट माहिर टीम को लेकर जांच के लिए पहुंचे। पुलिस शहर में अलग-अलग जगहों पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों को खंगाल रही है जिसमें नकाबपोश लुटेरों की आवाजाही कैद हुई है।



कोठी, जिसमें लुटेरों द्वारा की गई डकैती। (पुरी)


**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR TAKING OVER MAJORITY STAKE IN A CRITICAL CASTING COMPONENTS COMPANY**

PNB Investment Services Limited (**"PNBISL"**), has been mandated by Punjab National Bank ("PNB" or "Lead Bank") on behalf of consortium lenders, to identify a investor for Oliver Engineering Private Limited ("Company") operating a facility to manufacture critical casting components for non-automotive segments primarily for tractors, commercial vehicles, off-road vehicles and earth-movers for Domestic and International markets. The Company has a 'State of Art' facility for Ferrous casting at Rajpura Dist. Patiala, Punjab.

Consortium Lenders propose to sell majority equity stake along with management control. PNB Investment Services Ltd., on behalf of Lenders invites Expressions of Interest (EOI) from investors/consortium of investors having adequate financial and technical capability as acceptable to the Lenders to acquire majority equity stake in the Company. The sale is under Swiss Challenge Method, based on existing offer in hand.

EOI is to be submitted in the prescribed format by the prospective investor/acquirer alongwith supporting annexures. The last date for submission of EOI is **7th December2018 up to 5 PM, and last date for submission of a Binding Offer to Lenders is 28th December 2018 up to 5 PM** which may be extended at the sole discretion of the Lenders.

Interested parties shall submit an EOI with Annexure and proof of process participation fees in hard copy in a sealed envelope, through registered/speed post, courier or hand delivery. The address and communication details are below:

Interested parties shall submit an EOI with Annexure and proof of process participation fees in hard copy in a sealed envelope, through registered/speed post, courier or hand delivery. The address and communication details are below:

PNB Investment Services Limited, PNB Pragati Towers, 2nd Floor, C-9, G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai - 400 051, Phone: +91-22-26726284, E-mail: projectauto@pnbisl.com

The format of EOI for a prospective investor/acquirer and the requirement of process participation fees are mentioned on the Transaction Advisor's website (www.pnbisl.com). Any terms & conditions of the EOI may be amended or changed at any stage by Transaction Advisor and the same will be hosted on the transaction advisor's website.

For any clarifications, please contact the following:

| Contact Person | Telephone No. | Email-ID |
| --- | --- | --- |
| Mr. Sunil Kumar Tandon (CM, PNB) | +91 –11 - 2331 4840 | sunil.tandon@pnb.co.in bo2164@pnb.co.in |
| Mr. Deepak Patil (SVP, PNBISL) | +91 – 22 - 2672 6284 | dapatil@pnbisl.com |

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | pnb investment services ltd.

Note: Lenders reserve the right to cancel or modify the process without assigning any reason and without any liability. This is not an offering document. Applicants should regularly visit the above website to keep themselves updated regarding clarifications/ amendments/ time-extensions, if any.


### शिरोमणि अकाली दल ने गन्ना किसानों के पक्ष में गुरदासपुर में दिया धरना

## कैप्टन के राज में किसानों को नहीं मिल रहे गन्ने के पूरे दाम, बकाया 400 करोड़ की राशि जल्द हो रिलीज : सुखबीर

गुरदासपुर, 29 नवम्बर (हरमनप्रीत/विनोद/स.ह.): कैप्टन सरकार एक तरफ तो किसानों की हितैषी बनने की कोशिश कर रही है और दूसरी तरफ गन्ना उत्पादक किसानों को खून के आंसू रुला रही है। गन्ना काश्तकार सरकार से पिछले वर्ष का बकाया 400 करोड़ रुपए रिलीज करने की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की जिसके चलते किसानों में रोष पाया जा रहा है। इसी मुद्दे पर आज शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर बादल और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया, गुरदासपुर में अकाली दल के जिला प्रधान गुरबचन सिंह बब्बेहाली के नेतृत्व में किसानों के पक्ष में गुरदासपुर के नेहरू पार्क में सरकार के खिलाफ धरना दिया।



सुखबीर सिंह बादल, गुरबचन सिंह बब्बेहाली स्टेज पर बैठे अन्य नेताओं के साथ तथा नीचे बैठे बिक्रम सिंह मजीठिया।

धरने को संबोधित करते हुए सुखबीर बादल ने कहा कि प्राइवेट मिल किसानों को गन्ने का पूरा रेट नहीं दे रही हैं। मिलों को चालू में करने में की जा रही देरी के कारण शिरोमणि अकाली दल ने आज से सरकार के खिलाफ धरने आरंभ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पंजाब के किसानों का गन्ना पूरे रेट पर खरीदने के लिए सरकार बाध्य नहीं हो जाती और पिछली बकाया राशि नहीं दी जाती तब तक शिअद किसानों के अधिकार की लड़ाई लड़ेगा।

- किसानों के अधिकारों के लिए शिअद अंत समय तक लड़ेगा

सुखबीर ने कहा कि जिस किसान को अपनी ही फसल का एक साल बाद भी भुगतान न मिले वह किसान कैसे खुशहाल हो सकता है? धरने के बाद शिअद नेताओं ने एस.डी.एम. सकत्तर सिंह बल को किसानों की मांगों संबंधी ज्ञापन भी सौंपा। सुखबीर ने कैप्टन सरकार पर वायदों से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज न सिर्फ पंजाब का किसान दुखी है, बल्कि प्रांत का एक भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो इस सरकार से खुश हो। सरकार ने बिजली बेच कर कमाई करने के लिए जानबूझ कर धान की रोपाई देरी से करवाई, जिसका खमियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

एक साल से कैप्टन के राज में किसी को बुढ़ापा पैंशन नहीं मिली और न ही एस.सी. बच्चों को स्कॉलरशिप की कोई राशि दी गई है।